सुजानपुर महाविद्यालय में 'नशामुक्त युवा' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सवेरा न्यूज/गौरव जैन

सुजानपुर, 19 नवंबर : ठाकुर जगदेव चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में गुरुवार को माय भारत एवं महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'नशामुक्त युवा' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशेष अतिथि राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बन्नू, ब्रह्माकुमार आशुतोष, माय भारत जिला हमीरपुर की समन्वयक दीपमाला ठाकुर और एएसआई अमरजीत सिंह उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने युवाओं को नशे से दूर रहकर सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी बन्नू ने मानसिक तनाव से बचने, आत्मनियंत्रण और मेडिटेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। एएसआई अमरजीत सिंह ने नशीले पदार्थों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। दीपमाला ठाकुर ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।